आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–24 फरवरी 2026 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन आज उत्तर प्रदेश सरकार और एविएशन सेक्टर की अग्रणी कम्पनी एआई सैट्स के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है। एक रिपोर्ट–

इस समझौते के अन्तर्गत एआई सैट्स कम्पनी गौतमबुद्धनगर स्थित जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो प्रमुख परियोजनायें स्थापित करेगी। इन दोनों परियोजनाओं पर एआई सैट्स चौवालीस सौ अट्ठावन करोड़ रूपये का निवेश करेगी। इसके माध्यम से जेवर एयरपोर्ट उत्तर भारत के एक कार्गो हब के रूप में बनकर उभरेगा। परियोजना के तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ही एक अत्याधुनिक विश्व स्तरीय एयर कैटरिंग किचेन की स्थापना की जायेगी। यह किचेन एयरपोर्ट से संचालित होने वाली उड़ानों के लिये गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध करायेगा। इन परियोजनाओं से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी और सिंगापुर सरकार की संस्था सिंगापुर को–ऑपरेशन इंटरप्राइज–एससीई के बीच भी एक अन्य महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है। यह समझौता उत्तर प्रदेश में संस्थागत क्षमता और नीतिगत ढांचे को मजबूत बनाने तथा ईको सिस्टम के विकास के लिये दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बड़ा कदम है।

****

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश में त्रुटिरहित मतदाता सूची पर जोर देते हुए कहा कि यह किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है। श्री कुमार ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

त्रुटिहीन मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की नींव होती है। निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया है, जिसके अंतर्गत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है और अपात्र मतदाताओं को बाहर किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और अपात्र मतदाताओं को इससे बाहर रखने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई थी। श्री कुमार ने कहा कि वर्तमान में 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है और इनमें से 11 राज्यों ने अपनी मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है।

****

प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने आज मथुरा के बरसाना में रंगोत्सव दो हजार छब्बीस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आज ही बरसाना के प्रमुख श्रीजी मंदिर में धूमधाम से लड्डूमार होली खेली गयी। बरसाना की लट्ठमार होली से ठीक एक दिन पहले खेली जाने वाली लड्डूमार होली का ब्रज में विशेष महत्व है। इस दिन नंदगांव के हुरियारों को न्यौता देकर पाण्डा बरसाना लौटता है, जिसका लोग लड्डू फेक कर स्वागत करते हैं।

****

कुशीनगर में चल रहे थाई महोत्सव के अंतिम दिन आज भगवान बुद्ध की अस्थि कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा भगवान बुद्ध के महा परिनिर्वाण मन्दिर में पूजा अर्चना से शुरू होकर रामाभार स्तूप पर पहुँच कर विशेष पूजा अर्चना के साथ समाप्त हुई। हमारे कुशीनगर प्रतिनिधि ने बताया कि अस्थि कलश समारोह में थाईलैंड से आये बौद्ध धर्मावलंबियों के अलावा अन्य कई देशों के बौद्ध भिक्षु व स्थानीय लोग शामिल हुए। यात्रा में थाई कलाकारों का पारम्परिक नृत्य लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा।

****

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की आज जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था में आठ दशमलव एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही में आर्थिक गतिविधि मजबूत बनी रही। एक रिपोर्ट–

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था ने मजबूत विकास गति बनाए रखी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि और गैर– कृषि दोनों क्षेत्रों में उत्साहजनक रुझानों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग मजबूत बना हुआ है। इसमें यह भी पाया गया है कि राजकोषीय प्रोत्साहन के कारण पिछले त्योहारी सीजन के बाद से शहरी उपभोग में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। यह आकलन ऐसे समय में आया है जब भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी आधार वर्ष को 2011–12 से संशोधित करके 2022–23 करने जा रहा है। नई जीडीपी श्रृंखला 27 फरवरी 2026 को जारी होने वाली है। अंकित की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोजी।

****

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अगले दो दिनों तक कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने दो दिनों के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक के बढ़ोत्तरी की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक आगामी दो मार्च तक मौसम शुष्क रहेगा।

****